सेन्ट मोंटफोर्ट विद्यालय में फाउडर्स दिवस समारोह

दिनांक 31 जनवरी 2017 को सेन्ट मोंटफोर्ट विद्यालय पटेल नगर में सेन्ट मोंटफोर्ट का जन्मदिवस समारोह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उनके जीवन को केन्द्रित कर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी।

इन कार्यक्रमों में उनका जीवन वृत्त उनके द्वारा किए गए कार्यो तथा उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुगमन कर किए जाने वाले कार्यो के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था द्वारा जहाँगीराबाद भोपाल मे चलाई जा रही चैरिटेबल संस्था के सदस्यों ने भी कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स व उपप्राचार्य ब्रदर विलियम ने भी सभी को फाउडर्स डे की शुभकामनाएँ दी तथा विदयार्थियों को उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।